प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 29032024

सराहनीय कार्य थाना साइबर क्राइम जनपद एटा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्री योगेन्द्र सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सदर श्री अमित राय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम एटा द्वारा आनलाइन ठगी का शिकार हुए शिकायतकर्ता धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 शंकरलाल निवासी सिन्धी कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद एटा ने प्रार्थना के माध्यम से अवगत कराया कि शिकायतकर्ता के पास अज्ञात कॉलर द्वारा कॉल कर बताया गया कि उसे अपने एक प्रोग्राम में टेंट लगवाना है कितना खर्चा आयेगा आदि जानकारी लेकर बोला कि आपके यूपीआईडी पर पेमेंन्ट डाल रहा हूँ उसे स्वीकार कर लो। इस तरह झांसे में लेकर कुल 17998 रुपये का फ्राड कर लिया गया है, के आरोप अंकित किये गये।

क्षेत्राधिकारी सदर एटा द्वारा थाना साइबर क्राइम की टीम को प्रकरण की जांच कर शिकायतकर्ता की समुचित मदद करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना साइबर क्राइम एटा द्वारा मामले की गंभीरता से जांचकर त्वरित व लाभप्रद कार्यवाही करते हुए तथा सम्बन्धित बैंक व मर्चेन्ट गेट-वे को ई-मेल व जरिये मोबाइल सम्पर्क करते हुये शिकायतकर्ता की 17998 रुपये की पूर्ण धनराशि को पीडित के खाता में वापस कराया गया है। संदिग्ध मोबाइल नम्बर व खातों को त्वरित ब्लाक कराया गया है। अपने पैसे वापस पाकर शिकायतकर्ता द्वारा एटा पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की गई है।

थाना साइबर क्राइम टीम जनपद एटा

1. **प्र0 नि0 श्री दया नारायण त्रिपाठी**
2. **उ0नि0 श्री दीक्षित कुमार**
3. **आरक्षी राजा राम चौधरी**
4. **आरक्षी अजयपाल सिंह**